विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कितना ऋण दिया गया;

(ख) क्या इस प्रकार दी गई धन राशि की वसूली हो गई है; और

(ग) यदि नही, तो वसूली के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्री (श्री सु० कु० डे) (क) से (ग). हिमाचल प्रदेश प्रशासन से सूचना की प्रतीक्षा की जा रही है और मिलने पर सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

हिमाचल प्रदेश में पंचायतें

८०४. श्री पद्म देव क्या सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष १९५८ में हिमाचल प्रदेश में पंचायतो द्वारा कितनी सडकें, बावलिया और पंचायतघर बनाये गये, और

(ख) पंचायतो ने लोगो में कितनी-कितनी मात्रा में उर्वरक, अच्छे बीज, फलो के पौधे और खाद्यान्न वितरित किये ?

सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्री (श्री सु० कु० डे) : (क)

सड़कें व गाव के रास्ते जो बनाये गये	२१० मील
बावलिया जो बनाई गईं .	४९८
पंचायतघर बनाये गये	३८ (बन रहे है)

(ख) यह चीजें पंचायतों द्वारा नहीं बांटी जाती ।

हिमाचल प्रदेश में विद्युत परियोजना

८०५. श्री पद्म देव . क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिमाचल प्रदेश की विद्युत परियोजनाओं के लिये दूसरी पंचवर्षीय योजनावधि में अब तक आयात किये गये सामान का क्या मूल्य है;

(ख) जो सामान अभी बाहर से आना है उसका क्या मूल्य है,

(ग) द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनायें अब तक पूरी हो चुकी हैं और अब तक कौन सी अधूरी पडी हैं; और

(घ) क्या ये सारी योजनाये योजनावधि मे पूरी हो जायेंगी ?

सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी) (क) १९·०० लाख रुपये ।

(ख) ७ २ लाख रुपये ।

(ग) दूसरी पचवर्षीय योजनावधि में कुल २० योजनाओ को पूरा करने का प्रस्ताव है । निम्नलिखित ४ योजनाएं लगभग पूरी हो चुकी हैं :—

(१) मडी से सुन्दरनगर तक बिजली का विस्तार

(२) नाहन-पयोन्टा घाटी को बिजली देने की योजना

(३) जोगिन्दर नगर से चौन्तरा तक बिजली का विस्तार

(४) सोलन तथा उसके बाहरी क्षेत्रो को बिजली देने की योजना

अन्य १६ योजनाओ के सम्बन्ध में काम हो रहा है । इन में से कई निर्माण की विभिन्न अवस्थाओं में है ।

(घ) निम्नलिखित ८ योजनाए दूसरी योजनावधि के अन्त तक पूरी हो जायेंगी और बाकी योजनाओं पर भी काफी काम हो जायेगा :—

(१) क्योंथल, कोटकहाई, नरकण्डा क्षेत्रों को बिजली देना ।

(२) रामपुर, कोटगढ को बिजली देना ।